**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 28.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में लोगों से की स्वदेशी वस्तुओं को खरीदने की अपील, कार्यक्रम के दौरान झारखंड के आशीश सत्यव्रत साहू की सराहना की।**
2. **एसीबी ने नेक्सजेन ऑटोमोबाइल के मालिक विनय सिंह के छह ठिकानों पर शुरू की छापेमारी, वन भूमि की अवैध जमाबंदी के खिलाफ हो रही है कार्रवाई।**
3. **हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है दुर्गा पूजा का त्योहार, आज मां कात्यायनी की आराधना, पंडालों में उमड़ रहे श्रद्धालु।**
4. **राजधानी रांची मे ॅदोपहर बाद हो सकती छिटपुट बारिश, दो और तीन अक्टूबर को वज्रपात के साथ भारी बारिश की संभावना।**
5. **फर्स्ट हॉकी सिमडेगा मास्टर्स कप 2025 पुरुष का आज दोपहर दो बजे रांची स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में होगा उद्घाटन ।**

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से आगामी त्यौहारों के मौसम में वोकल फॉर लोकल के मंत्र को स्मरण रखते हुए स्वदेशी उत्पादों के साथ मनाने की अपील की है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की 126वीं कड़ी में श्रोताओं के साथ अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में कई त्यौहार हैं और जीएसटी बचत उत्सव भी चल रहा है। श्री मोदी ने लोगों से कहा कि स्वदेश में तैयार उत्पादों को खरीदने से परिवार में तो खुशी आयेगी ही, कारीगरों के परिश्रम का भी सम्मान होगा और युवा उद्यमियों के सपनों को पंख लगेंगे।
उन्होंने अपने मन की बात कार्यक्रम में आदिवासी संस्कृति और बुनाई को अन्तरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने के लिए झारखंड के आशीष सत्यव्रत साहू और मिथिला पेंटिंग के कारीगरों की सराहना की।

********************

इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना के बाद जोहारग्राम के आशीष सत्यव्रत साहू ने धनयवाद दिया है और इस उपलब्धि को अपनी पूरी टीम को समर्पित किया है–

********************

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी ने जेल में बंद नेक्सजेन ऑटोमोबाइल के मालिक विनय सिंह के छह ठिकानों पर छापेमारी शुरू की है। सूत्रों के अनुसार रविवार की सुबह एसीबी की टीम विनय सिंह के घर, शोरूम सहित छह अन्य ठिकानों पर पहुंचकर छापेमारी कर रही है। एसीबी की यह छापेमारी हजारीबाग में जमीन की अवैध जमाबंदी के मामले की जा रही है। एडीजी प्रिया दुबे ने छापेमारी की पुष्टि की है।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरणा लेते हुए परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला– **सेवा पर्व** में, हम आपको जानकारी दे रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने अटल पेंशन योजना के माध्यम से भारत के असंगठित कार्यबल के लिए सामाजिक सुरक्षा को मज़बूत किया है।

********************

दुमका जिले के मसलिया थाना क्षेत्र के गोटीडीह मोड़ के पास आज सुबह एक सड़क हादसे में पिता की मौत हो गई है, जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया है। मृतक की पहचान नरेश मरांडी के रूप में की गई है जबकि घायल बेटे का नाम शिवनारायण मरांडी है। इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया है।

********************

राज्यभर में हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा का त्योहार मनाया जा रहा है। आज मां कात्यायनी की पूजा की जा रही है। वहीं प्राचीन परंपरा के तहत सरायकेला राजा प्रताप आदित्य सिंहदेव द्वारा श्रीश्री पब्लिक दुर्गा पूजा मंडप में संकल्प लेने के पश्चात राजमहल स्थित शस्त्रागार खोला जाएगा। इसके बाद राज परिवार के सभी सदस्य शस्त्र धारण करते हुए खाली पांव पैदल चलकर खरकई नदी के माजना घाट पहुंचेंगे, जहां विधि–विधान के साथ शस्त्रों को खरकई नदी के जल में धोया जाएगा। इसके बाद वनदुर्गा का आह्वान कर पूजा–अर्चना की जाएगी।

********************

केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में की गई कटौती को लेकर गुमला के व्यापरियों और आम लोगों ने सराहना करते हुए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यावाद दिया है।

********************

राजधानी रांची में 28 से 30 सितंबर तक धूप के साथ आकाश में बादल छाये रहेंगे। वहीं दोपहर बाद कहीं–कहीं हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में 1 अक्तूबर को एक बार फिर निम्न दबाव वाला क्षेत्र बनने की संभावना है, जिससे 2 और 3 अक्तूबर को कहीं–कहीं वज्रपात के साथ भारी बारिश हो सकती है.

********************

फर्स्ट हॉकी सिमडेगा मास्टर्स कप 2025 पुरुष का विधिवत उद्घाटन आज दोपहर दो बजे एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में होगा। यह प्रतियोगिता 40 वर्ष से अधिक उम्र सीमा के खिलाड़ियों के लिए पहली बार आयोजित हो रही है। पहले दिन 04 मैच खेले जाएंगे।

********** समाप्त **********